11

# नंदू को जुकाम

2M3VIQ

बहुत जुकाम हुआ नंदू को
एक रोज वह इतना छींका
इतना छींका, इतना छींका
इतना छींका, इतना छींका
सब पत्ते गिर पड़े पेड़ के
धोखा हुआ उन्हें आँधी का।

– रामनरेश त्रिपाठी

## अभ्यास

1. बताओ –

(क) तुमने पेड़ों से पत्तों को कब–कब गिरते हुए देखा है?

(ख) जब तुमको जुकाम होता है तब क्या होता है ?

(ग) आँधी आने पर क्या–क्या होता है ?

2. नीचे दिए गए शब्द सही जगह पर भरो –

(नंदू, लड़का, छींक, जुकाम, पेड़, जोर, पत्ते, आँधी, धोखा)

एक ..... था। उसका नाम ..... था। एक बार नंदू को बहुत ..... हो गया। उसे ..... आने लगीं। वह इतनी ..... से छींका कि ..... से सब ..... गिर पड़े। पत्तों को ..... हुआ कि ..... आ गई है।

3. उदाहरण के अनुसार नए शब्द बनाओ –

| | | | |
|---|---|---|---|
| छींका | छींकी | खाता | ..... |
| पीता | ..... | हँसता | ..... |
| चलता | ..... | बोलता | ..... |
| नाचता | ..... | पढ़ता | ..... |

4. लिखो, जुकाम होने पर–

| क्या करें ? | क्या न करें ? |
|---|---|
| ..... | ..... |
| ..... | ..... |

5. कहानी पूरी करो –

एक था ..... । वह बहुत ..... था। उसका नाम पड़ गया 'आक् छीं।' एक दिन ..... गया दुकान में । ..... ने पूछा क्या चाहिए ? ..... ने किया 'आक् छीं।' दुकानदार ने कहा यहाँ 'आक् छीं' नहीं मिलता। यहाँ मिलती है ..... ।

6. पढ़ो, समझो और लिखो–

| | | | |
|---|---|---|---|
| नंदू | मच्छर | बिल्ली | छप्पर |
| ..... | ..... | ..... | ..... |
| अच्छा | बच्चा | सच्चा | कच्चा |
| ..... | ..... | ..... | ..... |

7. पूरा करो–

पत्ता उड़ा। चला आसमान की ओर। ऊपर ही ऊपर। रास्ते में पड़ा बाजार। पत्ते ने देखीं दुकानें चार–

एक फल की, एक फूल की, एक मिठाई की, एक ..... की।

रास्ते में पड़ा गाँव। गाँव में पेड़ों की छाँव। पेड़ों में कुछ नीम के, कुछ आम के, कुछ बरगद के, कुछ ..... के।

बच्चों को बताएँ कि छींक आने पर मुँह पर रूमाल रखें। प्रश्न संख्या 7 में बच्चों से खाली स्थान भरवाएँ। पत्ते ने उड़ते–उड़ते और क्या–क्या देखा होगा इस पर बातचीत करें।